**कार्रवाई** | पुलिस के मेगा कॉम्बिंग गश्त अभियान से पूरे जिले में की गई अपराधियों की धरपकड़, मचा हड़कंप

# 118 वारंटी गिरफ्तार, 48 गुडों की हुई जांच



**नवभारत, कटनी।** अपराधियों पर शिकंजा कसने और जिले में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस ने जिले के सभी थाना क्षेत्रों में एक साथ मेगा कॉम्बिंग ऑपरेशन चलाया। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देश पर चलाए गए अभियान में 23 स्थाई वारंटी और 66 गिरफ्तारी वारंटी गिरफ्तार किए गए, जबकि 29 जमानती वारंट, 29 समंस तामील कराए गए। पुलिस के अनुसार अभियान के दौरान कुल 118 वारंटियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की गई।

कॉम्बिंग ऑपरेशन के दौरान पुलिस टीमों ने 48 गुंडा बदमाशों के घर पहुंचकर उनकी गतिविधियों का सत्यापन किया। वहीं 40 निगरानीशुदा बदमाशों के ठिकानों पर आकस्मिक दबिश दी गई। 11 जिलाबदर एवं आदतन अपराधियों का भी सत्यापन कर उनके द्वारा निर्धारित शर्तों के पालन की जांच की गई। अवैध शराब के परिवहन, बिक्री और सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए आबकारी अधिनियम के 16 प्रकरण दर्ज किए गए। इसके अलावा जुआ खेलने वालों के खिलाफ जुआ एक्ट के 5 प्रकरण बनाए गए। 7 व्यक्तियों पर पुलिस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। शांति भंग की आशंका वाले 11 व्यक्तियों पर धारा 170 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई की गई। लोक शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए 75 व्यक्तियों के खिलाफ धारा 126/135 बीएनएसएस के तहत 68 प्रकरण दर्ज किए गए। बार-बार लोक शांति भंग करने वाले 17 व्यक्तियों के खिलाफ धारा 129 बीएनएस के तहत कार्रवाई की गई। रात्रिकालीन गश्त के दौरान बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन सहित संवेदनशील स्थानों पर आने-जाने वाले 39 मुसाफिरों का सत्यापन किया गया। पुलिस टीमों ने 19 होटल, ढाबों और सराय की चेकिंग की और विभिन्न थाना क्षेत्रों में 12 बैंकों के एटीएम भी जांचे। कॉम्बिंग गश्त के दौरान शराब के नशे में वाहन चलाने वाले 10 चालकों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत कार्रवाई करते हुए वाहन जब्त किए गए। पुलिस ने अभियान को अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और आमजन में सुरक्षा की भावना मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है।

पुलिस ने नागरिकों से कहा गया है कि किसी भी आपराधिक गतिविधि, अवैध शराब, फरार अपराधी अथवा संदिग्ध व्यक्ति की जानकारी तत्काल निकटतम थाना, कंट्रोल रूम 7049140924 पर दें। पुलिस के अनुसार सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। पुलिस के इस अभियान से अपराधियों में हड़कंप मच गया है।



# एक ट्रांजिट पास से दिन भर हो रहा रेत का परिवहन

**जांच और कार्रवाई नहीं होने से जिम्मेदारों की भूमिका भी संदिग्ध**

**नवभारत, कटनी।** बरही क्षेत्र में रेत के अवैध उत्खनन, हाईटेक रेकी, महकमे में बैठे विभीषणों की मुखबिरी और एक टीपी पर दिनभर सप्लाई' के खेल का कुल जमा निचोड़ यही है कि इस पूरे तंत्र ने सरकारी व्यवस्था को पूरी तरह पंगु बनाकर रख दिया है। चंद रसूखदार और आपराधिक किस्म के 'खिलाड़ी' इस अवैध कारोबार से रातों-रात मालामाल हो रहे हैं, जबकि कानून का इकबाल ताक पर रखा हुआ है। सूत्रों की मानें तो कटनी और उमरिया जिले की सीमा पर जारी इस पूरे खेल को कुछ चुनिंदा सिंडिकेट चला रहे हैं। रोजाना सैकड़ों ट्रॉली रेत का अवैध परिवहन कर ये रसूखदार माफिया लाखों रुपये का मुनाफा कूट रहे हैं। इस बेहिसाब काली कमाई के दम पर न केवल अपना नेटवर्क मजबूत कर रहे हैं, बल्कि कार्रवाई करने वाली एजेंसियों को भी ठेंगे पर रख रहे हैं। माफिया के इस मालामाल होने के चक्कर में पिस सिर्फ आम जनता और सरकारी खजाना रहे है। शासन को मिलने वाले रॉयल्टी का बड़ा हिस्सा सीधे माफिया की जेब में जा रहा है। अवैध रेत से लदे ओवरलोड ट्रैक्टरों और डंपरों के दिन-रात दौड़ने से बरही और आसपास की ग्रामीण सड़कें समय से पहले ही उखड़कर गड्ढों में तब्दील हो गई है। बेधड़क दौड़ते अवैध वाहनों से हर वक्त हादसे का डर बना रहता है, जिससे स्थानीय ग्रामीण खुद को ठगा और असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। कार्रवाई नहीं होने से जिम्मेदारों अधिकारियों की भूमिका भी सवालों के घेरे में है।

## एक नजर में

### शराब सहित कटनी के दो युवक जबलपुर में गिरफ्तार

**नवभारत, कटनी।** जबलपुर आबकारी विभाग ने अवैध शराब की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कटनी निवासी दो युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से एक बोलेरो वाहन और उसमें लोड 279 बल्क लीटर अवैध देशी शराब जब्त की गई है। जब्त शराब और वाहन की कीमत 6 लाख 20 हजार 500 रूपए आंकी गई है। सूचना के आधार पर आबकारी कंट्रोलर के नेतृत्व में टीम ने तिलवारा घाट के पास संदिग्ध बोलेरो को रोकने का इशारा किया। आबकारी टीम को देखते ही चालक ने रफ्तार बढ़ा दी और अंधमूक बायपास की ओर भागने लगा। इसके बाद आबकारी की दूसरी टीम ने कटंगा तिराहा स्थित आइडियल टावर के पास अपनी गाड़ी अड़ाकर बोलेरो को घेराबंदी कर रोक लिया। बोलेरो की तलाशी लेने पर 33 पेटियां मिलीं, जिनमें से 31 पेटियों में 279 बल्क लीटर देशी शराब भरी थी और 2 पेटियां खाली थीं। मौके से कटनी निवासी सोनू चौधरी और साहिल केवट को गिरफ्तार किया गया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### मकान का ताला तोड़कर अज्ञात बदमाशों ने की चोरी

**नवभारत, कटनी।** बहोरीबंद थाना क्षेत्र में बेखौफ अज्ञात चोरों ने एक बंद मकान को निशाना बनाते हुए घर के अंदर रखा कीमती सामान पार कर दिया। चोरों ने ताला तोड़कर इलेक्ट्रॉनिक्स और धार्मिक सामग्री समेत करीब 40 हजार रुपये के माल पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित मुकेश कुमार पिता दयाराम कुशवाहा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वे बहोरीबंद स्थित स्व. शशांक तिवारी के मकान में रह रहे हैं। 27 और 28 अगस्त की दरमियानी रात करीब 12 बजे से सुबह 4 बजे के बीच अज्ञात चोरों ने सूने मकान का ताला तोड़कर घरेलू उपकरण और मंदिर में रखी सामग्री चोरी कर ली ली है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# प्राथमिकता से करें चुनाव आयोग के निर्देश का पालन

**कलेक्टर और जनप्रतिनिधियों ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण**



**नवभारत, कटनी।** जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा मासिक निरीक्षण के तहत सोमवार को कार्यालय कलेक्ट्रेट स्थित निर्वाचन सदन पहुंचकर ईव्हीएम वेयर हाउस स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों और निर्वाचन शाखा के अधिकारी-कर्मचारियों की मौजूदगी रही। निरीक्षण के दौरान इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन और वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा व्यवस्था, सील, अभिलेखों, अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का बारीकी से परीक्षण किया गया। निरीक्षण पूर्ण होने के बाद निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए वेयरहाउस को दोबारा सीलबंद किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया की निष्पक्षता, पारदर्शिता और विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन किया जाना सर्वोच्च प्राथमिकता है। मासिक निरीक्षण का उद्देश्य ईवीएम और वीवीपैट मशीनों की सुरक्षित अभिरक्षा सुनिश्चित करना और सभी प्रक्रियाओं में पारदर्शिता बनाए रखना है। निरीक्षण के दौरान भाजपा प्रतिनिधि दीपक तिवारी, कांग्रेस पार्टी के ग्रामीण जिलाध्यक्ष सौरभ सिंह, बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष डीसी राम, डिप्टी कलेक्टर प्रमोद चतुर्वेदी सहित अन्य की उपस्थिति रही।

# महिला की मौत के बाद बवाल, सैकड़ों ग्रामीणों ने घेरा अस्पताल

➢ इलाज में लापरवाही के आरोप
➢ कटनी के स्लीमनाबाद की घटना



**कटनी।** सड़क हादसे में घायल 26 वर्षीय लक्ष्मी बाई की मौत के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्लीमनाबाद में शनिवार को उस समय तनाव की स्थिति बन गई, जब बड़ी संख्या में परिजन और ग्रामीण अस्पताल पहुंच गए। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर उपचार में देरी और ड्यूटी डॉक्टरों की गैरमौजूदगी को लेकर गंभीर सवाल उठाते हुए घेराव कर दिया।

परिजनों का आरोप है कि हादसे के बाद लक्ष्मी बाई को अस्पताल लाया गया, लेकिन करीब चार घंटे तक उसे समय पर उपचार नहीं मिल सका, जिसके बाद उसकी मौत हो गई। मामले में मृतका के परिजनों ने गहने निकालने और कान फटने का आरोप भी लगाया है। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है।

इस दौरान डॉक्टर से कहासुनी और अभद्रता के आरोप भी सामने आए। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद मौत के वास्तविक कारणों तथा लगाए गए आरोपों पर स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# अधिक से अधिक पौधे लगाना और उनकी देखभाल करना सबकी जिम्मेदारी

**जागृति पार्क में गहोई वैश्य समाज ने किया पौधरोपण**




**नवभारत, कटनी।** पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जागृति पार्क में श्री गहोई वैश्य समाज द्वारा फलदार पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम दोपहर 12 बजे समाज के सरपंच, विभिन्न समितियों के अध्यक्ष-सचिव, वरिष्ठ संघ की कार्यकारिणी के अध्यक्ष, पदाधिकारी, सदस्य और संरक्षकों की उपस्थिति में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हजारी लाल नोगरहिया ने की। पौधोरोपण के दौरान पुरुषोत्तम दास सोनी, भागीरथ बहरे, राजेश बरसैंया, जगदीश बरसैंया, भगवान दास जलौन्हा, अनुराग सोनी, राकेश लहरिया, राकेश बिचपुरिया, अनुराग त्रिसौलिया, अमित जार, नरेश बहरे, राजेंद्र सेठिया, गोविंद सोनी, मोतीलाल सुहाने, संजय सुहाने सहित श्रीमती गीता बरसैंया, अंशुल बहरे सहित अन्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्ष हजारी लाल नोगरहिया ने पर्यावरण संरक्षण में हरित क्रांति और पौधरोपण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाना और उनकी देखभाल करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है।

साथ ही उन्होंने सामाजिक कुरीतियों को दूर करने में वरिष्ठ संघ की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी विचार व्यक्त किए। वरिष्ठ संघ के अध्यक्ष केशव प्रसाद छिरौल्या ने सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए लगातार प्रयास करने का आश्वासन दिया।

# फर्जी अपाइंटमेंट से परेशान हो रहा अस्पताल प्रबंधन

**पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर की गई कार्रवाई की मांग**

**नवभारत, कटनी।** शहर के आदर्श कॉलोनी स्थित मां दुर्गा हॉस्पिटल ने ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर फर्जी अपॉइंटमेंट और भ्रामक जानकारी प्रसारित किए जाने को लेकर पुलिस अधीक्षक से शिकायत की है। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार लेब्रेट डॉट कॉम पर मां दुर्गा हॉस्पिटल और डॉ राकेश रंजन और डॉ अनीता रंजन के नाम से ऑनलाइन अपॉइंटमेंट की सुविधा दिखाई जा रही है, जिसमें मरीजों से लगभग 1000 रुपए तक शुल्क दर्शाया गया है। जबकि अस्पताल द्वारा इस तरह की कोई भी ऑनलाइन सेवा अधिकृत नहीं की गई है। इसके साथ ही जस्ट डॉयल पर भी अस्पताल की लोकेशन को लेकर गलत जानकारी प्रदर्शित की जा रही है। जहां अस्पताल का वास्तविक पता आदर्श कॉलोनी है, वहीं वेबसाइट पर नई बस्ती दर्शाई जा रही है, जिससे मरीजों में भ्रम की स्थिति बन रही है। शिकायत में यह भी कहा गया है कि संबंधित प्रोफाइल किस आईपी एड्रेस या डिजिटल माध्यम से बनाई गई है, इसकी जांच आवश्यक है। अस्पताल प्रबंधन ने साइबर सेल के माध्यम से जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। वहीं डॉ राकेश रंजन और डॉ. अनीता रंजन द्वारा अस्पताल को बिना जानकारी दिए पुलिस अधीक्षक कार्यालय में की गई शिकायत को भी प्रबंधन ने गलत और भ्रामक बताया है। शिकायत को निरस्त करने की मांग की है।

# सेल्समैन की मनमानी, गरीबों को नहीं मिल रहा राशन

**फिंगरप्रिंट लेने बाद आनाज नहीं देने का आरोप**

**नवभारत, ढीमरखेड़ा।** जिले की ग्राम पंचायत खाम्हा स्थित शासकीय राशन दुकान पर राशन वितरण को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। ग्रामीणों का आरोप है कि दुकान पर मशीन में पहले ही फिंगरप्रिंट ले लिए जाते हैं, लेकिन अनाज देने के समय राशन उपलब्ध न होने की बात कहकर उन्हें वापस लौटा दिया जाता है। इसके चलते रोज मजदूरी करने वाले ग्रामीणों को बार-बार राशन दुकान के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं, जिससे उनका समय और मजदूरी दोनों का नुकसान हो रहा है। सरपंच सुशील पाल के अनुसार, नियमानुसार हितग्राहियों को दो महीने का राशन मिलना था, लेकिन केवल एक महीने का ही अनाज दिया गया। इसमें भी कई पात्र परिवार राशन पाने से वंचित रह गए।

जब ग्रामीणों ने इस अव्यवस्था पर सवाल उठाए और अपने हक का राशन मांगा, तो राशन विक्रेता से विवाद की स्थिति बन गई। आरोप है कि सवाल पूछने पर विक्रेता द्वारा अतीश पिता तारा और संदीप पिता मिलन के साथ मारपीट भी की गई। घटना के बाद ग्रामीणों ने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद उमरियापान थाना पुलिस मौके पर पहुंची।

हालांकि, ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस के आने के बाद भी उन्हें संतुष्टि नहीं मिली और समस्या का कोई समाधान नहीं हो सका। ग्रामीण के लोगों ने खाद्य विभाग से राशन दुकान के स्टॉक की निष्पक्ष जांच और सत्यापन कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने मांग की है कि यह पता लगाया जाए कि हितग्राहियों का राशन कहां जा रहा है और मारपीट करने वाले दोषियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

# सीवरेज कार्य में लापरवाही, कंपनी को ब्लैक लिस्ट करने की मांग

**नगर निगम अध्यक्ष ने कार्रवाई के लिए आयुक्त को लिखा पत्र**

**नवभारत, कटनी।** अमृत मिशन अंतर्गत नगर पालिक निगम कटनी सीमा क्षेत्र में सीवर लाइन के चल रहे कार्य में लगातार मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए निगम अध्यक्ष मनीष पाठक ने सख्त रुख अपनाया है। निगम अध्यक्ष ने नगर निगम आयुक्त को पत्र लिखकर संबंधित ठेकेदार और कंपनी द्वारा किए जा रहे कार्यों की जांच कर कंपनी को ब्लैक लिस्ट किए जाने की कार्रवाई करने की मांग की है। निगम अध्यक्ष मनीष पाठक ने अपने पत्र में कहा है कि नगर निगम सीमा अंतर्गत अमृत मिशन योजना के तहत जयंती सुपर कंस्ट्रक्शन कंपनी प्रायवेट लिमिटेड द्वारा सीवर लाइन का कार्य किया जा रहा है। नगरीय सीमा में स्थान-स्थान पर गड्ढे खोदे गए हैं, जिनमें मानक अनुरूप कार्य नहीं कराया जा रहा है। इसके कारण आमजन को आवागमन में परेशानी के साथ-साथ दुर्घटनाओं का खतरा भी बना हुआ है। उन्होंने पत्र में आगे उल्लेख किया है कि संबंधित ठेकेदार, कंपनी को कई बार चेतावनी दिए जाने के बावजूद कार्यप्रणाली में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ है। जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों द्वारा लगातार शिकायतें प्राप्त होने के बावजूद यदि लापरवाही जारी रहती है, तो ऐसी कार्यप्रणाली को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नगर निगम अध्यक्ष ने आयुक्त को प्रेषित पत्र में उल्लेख करते हुए कहा है कि अमृत मिशन अंतर्गत सीवरेज लाइन के कार्य में संबंधित कंपनी द्वारा किए गए कार्यों की मध्यप्रदेश शासन की तृतीय एजेंसी से जांच कराकर, अनियमितता और लापरवाही पाए जाने पर संबंधित ठेकेदार, कंपनी को ब्लैक लिस्ट किए जाने की तत्काल कार्रवाई किए जाने की मांग की गई है। नगर निगम अध्यक्ष ने कहा कि शहर के विकास कार्यों में गुणवत्ता, पारदर्शिता और नागरिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी निर्माण एजेंसी की लापरवाही के कारण आम नागरिकों को परेशानी होती है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि सीवरेज कार्य के शुरूआत से लापरवाही और गुणवत्ता की अनदेखी के आरोप लगाए जाते रहे हैं, कई स्थानों सीवरेज कार्य के बाद गड्ढे भी हुए हैं, मुसाफिर भी घायल हुए हैं, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई कंपनी पर नहीं हुई है।

**बैठक** | समय-सीमा की बैठक में तीन अधिकारियों को जारी होगा कारण बताओ नोटिस, समय पर पहुंचने की हिदायत

# बरगवां से जगन्नाथ चौक तक बने ओवर ब्रिज में निकली हैं सरिया, कराएं मरम्मत



**नवभारत, कटनी।** समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर आशीष तिवारी ने अधिकारियों को सुस्त कार्यशैली में सुधार लाने की नसीहत देते हुए कहा कि अधिकारी विभागीय अद्यतन जानकारी, लंबित प्रकरणों की स्थिति और की गई कार्रवाई की पूरी तैयारी के साथ बैठक में उपस्थित होना सुनिश्चित करें। लापरवाही, देरी और अनुपस्थिति को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में समय पर उपस्थित नहीं होने और अनुपस्थित रहने को कलेक्टर ने गंभीरता से लेते हुए कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन विभाग, मंडी सचिव और बीईओ रीठी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि समय-सीमा की बैठकों में वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति और विभागीय प्रकरणों की सही जानकारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। अधिकारी बैठक को गंभीरता से लें और सौंपे गए दायित्वों की नियमित रूप से मॉनीटरिंग करें। समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने फौती नामांतरण से संबंधित लंबित प्रकरण का समय पर निराकरण नहीं करने पर तहसील बरही में पदस्थ पटवारी की दो वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने नायब तहसीलदार सिलौड़ी को सिलौड़ी बस स्टैंड से अवैध कब्जा हटवाकर वहां शौचालय निर्माण कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने तहसीलदार बहोरीबंद और ढीमरखेड़ा को फार्मर आईडी बनाने के कार्य में गति लाने की हिदायत दी। उन्होंने नामांतरण, बंटवारा, अभिलेख दुरुस्ती से संबंधित लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को एक माह के भीतर फसल गिरदावरी का कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने डिजिटाइजेशन कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर तहसीलदार स्लीमनाबाद और विजयराघवगढ़ के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में विशेषकर कन्हवारा क्षेत्र में हो रहे अवैध उत्खनन के विरुद्ध खनिज विभाग को अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अवैध उत्खनन में संलिप्त वाहनों को पकड़कर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने बरगवां से जगन्नाथ चौक तक के ओव्हर ब्रिज के मार्ग पर निकली हुई सरिया के मरम्मत और सुधार कार्य के निर्देश लोक निर्माण विभाग सेतु के अधिकारियों को दिया। उन्होंने कहा कि इस संबंध में अधीक्षण यंत्री लोक निर्माण सेतु से भी उनकी मरम्मत कार्य के लिए चर्चा हो गई है। कलेक्टर ने राजस्व, स्वास्थ्य, स्कूल शिक्षा, आदिम जाति कल्याण, कृषि, लोक निर्माण, खनिज, ऊर्जा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं सामाजिक न्याय सहित सभी विभागों की लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का गंभीरतापूर्वक परीक्षण करते हुए प्राथमिकता के साथ उनका निराकरण सुनिश्चित करें।

# ताशपत्तों से हार-जीत का दांव लगाते आठ गिरफ्तार



**नवभारत, कटनी।** बड़वारा पुलिस ने गश्त के दौरान दो अलग-अलग स्थानों से तासपत्तों से हारजीत का दांव लगाते आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पुलिस ने तासपत्ते और नकद पांच हजार रूपए जब्त किए हैं।

पुलिस ने बताया कि क्षेत्र में गश्त के दौरान दौरान ग्राम रोहनिया और ग्राम भुड़सा में जुआ फड़ संचालित होने की सूचना मिली। जिसके बाद पुलिस टीम ने वहां पर दबिश दी। दबिश के दौरान पुलिस टीम ने रोहनिया से पुष्पराज कचेर, विनोद उर्फ रानू गुप्ता और पंकज सोनी को जुआ खेलते पकड़ा। तीनों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। वहीं दूसरी कार्रवाई ग्राम भुड़सा में की गई है। पुलिस टीम ने ग्राम भुड़सा से तासपत्तों से हारजीत का दांव लगाने के आरोप में श्यामलाल कोल, राजभान रावत, दीपक कोल, बृजभान सिंह, और गुड्डा कोल को पकड़ा। कार्रवाई में बड़वारा प्रभारी उप निरीक्षक सुयश पाण्डेय, उप निरीक्षक विष्णु शंकर जायसवाल, सउनि मोनेन्द्र सिंह, एएसआई रघुवीर सिंह, सतेन्द्र सिंह, रामनाथ साकेत सहित प्रधान आरक्षक पवनराज, प्रधान आरक्षक वीरेन्द्र चढ़ार, आरक्षक शिवप्रकाश तिवारी, गौरीशंकर राजपूत और बृजलाल प्रजापति की भूमिका रही।

पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य और डीएसपी मुख्यालय रत्नेश मिश्रा के मार्गदर्शन में की गई है।